वसुली अधिकारी, मुंबई ऋण वसुली न्याधिकरण-III के समक्ष
पहला माला, एमटीएनएल टेलिफोन एक्सचेंज बिल्डिंग,
रघुलिला मॉल के पास, वाशी रेलवे स्टेशन के पास,
सेक्टर 30 ए, वाशी, नवी मुंबई – 400 703

**ई-ऑक्शन बिक्री नोटीस**

ओ ए नं. 2007 के 128

में

वसूली कार्यवाही नं. 137/2009

के बीच

---

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ] ... प्रमाणपत्र धारक

विरुद्ध

श्री गोपीकृष्णन मुंधरा एवं अन्य ] ... प्रमाणपत्र ऋणी

---

जैसा कि माननीय पिठासीन अधिकारी, मुंबई ऋण वसुली न्याधिकरण (एमडीआरटी)-III, मुंबई द्वारा मूल आवेदन (ओए) नं. 2007 के 128 में प्रमाणपत्र ऋणी/अभियुक्त से ब्याज, लागत, प्रभारों सहित रु. 49,55,713.95 (रुपये उनचास लाख पचपन हजार सात सौ एवं तेरह केवल) की वसूली के लिए वसूली प्रमाणपत्र का प्रलेख बनाया गया है जो दिनांक 2 अप्रैल 2009 के वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार ब्याज, लागत, प्रभारों को मिला कर वसूली योग्य कुल राशि है.

तथा जैसा कि 08/04/2020 को संबंधित वसूली प्रमाणपत्र के अधीन लागत एवं उस पर लागू ब्याज को सम्मिलित कर कुल राशि रु.3,96,07,056/- (रुपये तीन करोड़ छियानवे लाख सात हजार एवं छप्पन केवल) देय है.

शेड्यूल ऑफ प्रॉपर्टीज इन प्रोक्लेमेशन ऑफ सेल एण्ड टर्म्स एण्ड कंडिशन्स ऑफ सेल के अधीन विशेष रुप से वर्णित अचल संपत्ति की बिक्री इलेक्ट्रानिक सार्वजनिक नीलामी ई-ऑक्शन एजेंसी 'सी-1 इंडिया प्रा.लि.' के वेबसाईट/पोर्टल https://www.bankseauctions.com पर उनके माध्यम से इस न्यायाधिकरण के परिसर में दिनांक 4 दिसम्बर 2020 को दोपहर 11.00 से 12.00 के बीच, ऑटो एक्सटेंशन क्लॉज सहित अर्थात यदि बोली ई-ऑक्शन बंद होने के पहले अंतिम 5 मिनट में होती है, तो ई-ऑक्शन के समय-समाप्ति को हर समय 10 मिनट बढ़ायी जाएगी, के माध्यम से की जाएगी. ई-ऑक्शन एजेंसी, सी-1 इंडिया प्रा.लि. के वेबसाईट https://www.bankseauctions.com पर तथा श्री हरेश गौडा एवं श्री जयसिंह, इन व्यक्तियों को मोबाइल 9594597555, 7738866326 पर संपर्क कर सकते हैं. हेल्पलाइन नं. है - 7291981124/25/26.

जनसामान्य को एतद्दद्वारा संबंधित ई-ऑक्शन में बोली लगाने के लिए निमंत्रित किया जाता है. ईएमडी राशि सहित ऑनलाईन ऑफर को मुंबई स्थित प्रमाणपत्र धारित बैंक, **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**, **उल्हासनगर शाखा के खाता संख्या 3335684375**, **आईएफएससी कोड नं. CBIN0280638** में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से देय है. सत्यापित की गयी टैन/पैन कार्ड एवं पता का सबूत की फोटोकॉपी को अलग से बनायी जानी चाहिए. तथा इसे ऑनलाईन ऑफर के साथ अपलोड की जानी चाहिए. एक से अधिक की प्रोपर्टी के लिए ऑफर अलग से की जानी चाहिए. ईएमडी एवं अन्य जानकारी/विवरण के साथ ऑनलाइन ऑफर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02/12/2020 को सायं. 4.30 बजे तक है. प्रॉपर्टियों का भौतिक निरीक्षण प्रॉपर्टी साइट पर दोपहर 11.00 बजे से 4.00 बजे के बीच लॉट नं.1 के लिए दिनांक 20/12/2020 को एवं लॉट नं. 2 एवं 3 के लिए 21/12/2020 को किया जा सकता है.

खरीद मूल्य का 25% शेष राशि को बोली खत्म होने के पश्चात तुरंत ऑनलाइन मनी ट्रांसफर/जमा करने के लिए सामान्य शर्तों के क्लॉज 22 में शामिल मामलों को छोड़ कर (जिसमें भुगतान का माध्यम डीडी/पीओ है) आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से लेनदार बैंक, **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**, **उल्हासनगर शाखा के खाता संख्या 3335684375**, **आईएफएससी कोड नं. CBIN0280638** में जमा करनी चाहिए. बोली राशि की 75% शेष राशि का 'वसूली अधिकारी, डीआरटी-III, मुंबई, आर.पी.नं.137/2009' के पक्ष में आहरित डीडी/पीओ/बैंकर चेक बिक्री तिथि से 15 दिनों के अंदर जमा करना चाहिए.

ईएमडी राशि का पुनर्भुगतान असफल बोली लगाने वालों को बोली खत्म होने के पश्चात, ऐसे बोली लगाने वालों द्वारा उल्लेखित खाता नंबर में ही संबंधित बैंक द्वारा किया जाएगा.

बिक्री का अभिज्ञापन तथा नियम एवं शर्तों सहित निर्धारित टेंडर फार्म पहला माला, एमटीएनएल टेलिफोन एक्सचेंज बिल्डिंग, रघुलीला मॉल के पास, वाशी रेलवे स्टेशन के पास, सेक्टर 30 ए, वाशी, नवी मुंबई – 400 703 में स्थित 'मुंबई ऋण वसुली न्याधिकरण-III' के कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है तथा इसे रु.100 के नाममात्र मूल्य पर '**रजिस्ट्रार**, **डीआरटी-III, मुंबई**' के पक्ष में आहरित भारतीय पोस्टल ऑडर/डीडी द्वारा भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है. बिक्री का अभिज्ञापन तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट/पोर्टल **https://www.bankseauctions.com** पर भी उपलब्ध है. उपर्युक्त संपत्ति की बिक्री '**जैसी है वैसी स्थिति में और उसी आधार**' पर सीमित है. अनिर्धारित टेंडर फार्म में एवं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त ऑफर्स अस्वीकार करने के लिए बाध्य है. संपत्ति को सूची में उल्लेखित आरक्षित कीमत से कम कीमत में नहीं बेची जाएगी.

**सूची**

| लॉट की संख्या | संपत्ति का विवरण | संपत्ति पर कर निर्धारण | संपत्ति पर ऋणभारग्रस्तिता संबंधी जानकारी | प्रमाणपत्र लेनदार द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन /राज्य मूल्यांकन भी, यदि कोई है तो, |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | फ्लैट नं.4 (अब 14 अंकित), तिसरा माला, मयुरेश कोऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी, कोंबाडपाडा, कसुराल, गांव - कसबे, भिवंडी, जिला ठाणे - लगभग 625 वर्गफीट बिल्टअप क्षेत्र वाला (409 वर्गफीट कारपेट क्षेत्र) परिधि है -<br>उत्तर - फ्लैट नं.13<br>दक्षिण - दीवार<br>पश्चिम - दीवार<br>पूर्व - फ्लैट नं.16 | विदित नहीं | यह संपत्ति आवेदक बैंक के पास बंधक है | रु.719840/- मूल्यांकन प्रमाणपत्र लेनदार द्वारा प्रस्तुत नहीं |
| 2. | प्लॉट नं. 18, लगभग 463 वर्गमीटर, सर्वे नं. 77, एच. नं.12 धारित, गांव - कुलगाव, बदलापुर, जिला ठाणे तथा परिधि है -<br>उत्तर - मोर्य चाल<br>दक्षिण - खुला प्लॉट/स्वानंद सफायर बिल्डिंग<br>पूर्व - खुला प्लॉट<br>पश्चिम - धन्वतंरी चाल | विदित नहीं | यह संपत्ति आवेदक बैंक के पास बंधक है | रु.29,63,200/- मूल्यांकन प्रमाणपत्र लेनदार द्वारा प्रस्तुत नहीं |
| 3. | फ्लैट नं.202, नारायण पैलेस, रमेश वाडी, कुलगाव, बुरांगे रोड, बदलापुर (पश्चिम), लगभग 293 वर्गफीट कारपेट तथा परिधि है -<br>उत्तर - न्यू शिव मंगल सोसायटी<br>दक्षिण - गुरुपद्म कुटीर सोसायटी<br>पूर्व - रिहायशी बिल्डिंग | विदित नहीं | यह संपत्ति आवेदक बैंक के पास बंधक है | रु.5,86,000/- मूल्यांकन प्रमाणपत्र लेनदार द्वारा प्रस्तुत नहीं |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पश्चिम - रोड/श्री गजानन अपार्टमेंट | | | |

| प्रतिपादित किए गए दावे, यदि कोई है तो, तथा उसका स्वरुप एवं मूल्य संबंधी कोई अन्य विदित विवरण | आरक्षित कीमत जिससे कम में संपत्ति को नहीं बेचा जाएगा | ईएमडी राशि | वृद्धिशील बोली राशि (बोली लगाने वाले अपनी बोली को गुणक में बढाना | साइट पर प्रॉपर्टी का निरीक्षण- दिनांक एवं समय | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विदित नहीं | रु.**719840/-** | रु.**72,000/-** | रु. 10,000/- | 20/11/2020 दोपहर 11.00 बजे से 4.00 बजे के बीच | निरंक |
| विदित नहीं | रु.**29,63,200/-** | रु.**2,96,000/-** | रु. 10,000/- | 21/11/2020 दोपहर 11.00 बजे से 4.00 बजे के बीच | निरंक |
| विदित नहीं | रु.**5,86,000/-** | रु.**59,000/-** | रु. 10,000/- | 21/11/2020 दोपहर 11.00 बजे से 4.00 बजे के बीच | निरंक |

यह बिक्री वर्तमान में लागू कानून, रेग्युलेशन्स ऑफ प्रैक्टीस, 2010 में अंतर्विष्ट प्रावधानों तथा बोली फार्म में संलग्न बिक्री के नियम एवं शर्तों के अधीन है.

दिनांक 27 अक्तूबर 2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायाधिकरण की मुहर के साथ प्रस्तुत.

**(श्री उदयशंकर यल्लामती)**

**वसुली अधिकारी**
**मुंबई डीआरटी-III**